**प्रेस नोट**
**थाना कटेरा जनपद झाँसी**

**दिनांक : 14.07.2026**

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही,**
- **थाना कटेरा पुलिस द्वारा मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा (खाईवाड़ी) संचालित करते हुए 03 अभियुक्त गिरफ्तार।**
- **ऑनलाइन सट्टे की ₹1,10,090/- की ट्रांजेक्शन संबंधी विवरण (स्क्रीनशॉट) सहित मोबाइल फोन बरामद।**
- **अभियुक्तों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बी.बी.जी.टी.एस. मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 13/14.07.2026 की रात्रि में थाना कटेरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा (खाईवाड़ी) कर हार-जीत की बाजी लगाने वाले 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से एक रियलमी C-12 मोबाइल फोन बरामद हुआ, जिसकी जांच के दौरान ऑनलाइन सट्टे से संबंधित ₹1,10,090/- की ट्रांजेक्शन का विवरण (स्क्रीनशॉट) प्राप्त हुआ। बरामदगी के आधार पर थाना कटेरा पर मु0अ0सं0 82/2026, धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

1. राजेश यादव पुत्र घनश्याम, निवासी ग्राम काडौर, थाना कटेरा, जनपद झाँसी, उम्र करीब 27 वर्ष।
2. मधू यादव पुत्र राजेन्द्र यादव, निवासी ग्राम काडौर, थाना कटेरा, जनपद झाँसी, उम्र करीब 25 वर्ष।
3. सतेन्द्र यादव पुत्र मजबूत सिंह, निवासी ग्राम विजना, थाना उल्दन, जनपद झाँसी, उम्र करीब 24 वर्ष।

**बरामदगी-**

- 01 अदद रियलमी C-12 मोबाइल फोन।
- मोबाइल फोन में ऑनलाइन सट्टा संचालन से संबंधित **₹1,10,090/-** की ट्रांजेक्शन का विवरण (स्क्रीनशॉट)।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक अमीराम सिंह, थाना कटेरा, जनपद झाँसी।
2. उ0नि0 कौशल किशोर, थाना कटेरा जनपद झाँसी।
3. का0 अनुराग सिंह, थाना कटेरा जनपद झाँसी।
4. का0 सोनू सिंह, थाना कटेरा जनपद झाँसी।
5. का0 अगम सचान, थाना कटेरा जनपद झाँसी।
6. का0 बॉबी कुमार, थाना कटेरा जनपद झाँसी।